# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

## Q. जेडीए द्वारा जयपुर शहर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर किस थीम आधारित भव्य स्वागत द्वार (वेलकम गेट) विकसित किए जाएंगे।?

(A) रंगीला राजस्थान

(B) राजस्थानी मान

(C) 'वेस्ट टू आर्ट'

(D) इनमें से कोई नही

जेडीए द्वारा शहर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर 'वेस्ट टू आर्ट' थीम आधारित भव्य स्वागत द्वार (वेलकम गेट) विकसित किए जाएंगे। इन स्वागत द्वारों में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं लोकजीवन की अनूठी झलक देखने को मिलेगी।

प्रस्तावित स्वागत द्वार दिल्ली कुंडा मोड़ से आमेर जाने वाले मार्ग, घाट की गुणी टोल प्लाजा तथा गंगा मार्ग पर प्रस्तावित न्यू जयपुर के सामने स्थापित किए जाएंगे।

दिल्ली कुंडा मोड़ पर बनने वाला स्वागत द्वार राजस्थान की आत्मीय परंपरा 'खम्मा घणी' की भावना को संस्कृति का प्रतीक होगा। दर्शाएगा, जो प्रदेश की अतिथि सत्कार की

घाट की गुणी टोल प्लाजा पर प्रस्तावित स्वागत द्वार को राजस्थान के पारंपरिक 'लहरिया' डिज़ाइन की थीम पर विकसित किया जाएगा,

प्रस्तावित न्यू जयपुर के सामने बनने वाला स्वागत द्वार पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में आगंतुकों का स्वागत की कलात्मक आकृतियों के माध्यम से प्रदेश की "पधारो म्हारे देस" की भावना को साकार करेगा।

परियोजना पर लगभग 5.36 करोड़ रुपये की लागत प्रस्तावित है

## Yesterday Revision

1. PM-SETU योजना के तहत राजस्थान में प्रस्तावित क्लस्टरों की संख्या कितनी है? — 8 क्लस्टर ✅
2. 'गिव अप अभियान' के तहत कितने सक्षम लोगों ने खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा? — 93.48 लाख ✅
3. शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के नए सचिव कौन बने हैं? — नरेश पाल गंगवार ✅
4. 'भारत टैक्सी' सहकारिता पहल का शुभारंभ किसने किया? — मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ✅
5. SLSC ने राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना के तहत कितने उद्योगों को अनुदान स्वीकृत किया? — 10 उद्योग ✅

## 1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर (सीकर) के वैज्ञानिकों ने सरसों की नई उन्नत किस्म CS-68 विकसित की है

(B) इस किस्म को देशभर में समय पर बोई जाने वाली लवणीय एवं क्षारीय मिट्टी तथा खारे/क्षारीय सिंचाई जल वाले क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अनुशंसित किया गया है.

**सही विकल्प चुनें**

(A) दोनों सत्य हैं
(B) केवल A सत्य है
(C) केवल B सत्य है
(D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

- कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर (सीकर) के वैज्ञानिकों ने लवणीय-क्षारीय मिट्टी के लिए सरसों की नई उन्नत किस्म CS-68 विकसित की है
- सरसों की नई उन्नत किस्म CSS-68 (या CS-68) का विकास राजस्थान के कृषि अनुसंधान केंद्र, फतेहपुर (सीकर) में किया गया है
- सीएस-68 मध्यम अवधि की किस्म है जो 128 से 134 दिनों में पककर तैयार हो जाती है. इसके पौधे की औसत ऊंचाई लगभग 190 सेंटीमीटर है. इसकी संभावित उपज 20 से 22 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक बताई गई है. उचित खेती प्रबंधन अपनाने पर किसान बेहतर गुणवत्ता के साथ अधिक उत्पादन ले सकते हैं.
- वैज्ञानिकों के अनुसार यह किस्म उन क्षेत्रों में खासतौर पर फायदेमंद साबित होगी, जहां सिंचाई के पानी में लवणता ज्यादा है या मिट्टी प्रभावित है
- इस किस्म को देशभर में समय पर बोई जाने वाली लवणीय एवं क्षारीय मिट्टी तथा खारे/क्षारीय सिंचाई जल वाले क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अनुशंसित किया गया है.

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) कोटा जिले की अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी का चयन स्कॉटलैंड के ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम में हुआ है

(2) वह 90 किलोग्राम वजन श्रेणी में मुकाबला करेंगी

सही कथन चुनिए:

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- कोटा जिले की अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज अरुंधति चौधरी का चयन स्कॉटलैंड के ग्लासगो में आयोजित होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए भारतीय मुक्केबाजी टीम में हुआ है।
- राजस्थान की पहली महिला बॉक्सर हैं, और कोटा जिले से इस स्तर पर चुनी जाने वाली पहली खिलाड़ी हैं।
- उनका चयन हाल ही में एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने और उनके शानदार अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।
- यूनाइटेड किंगडम के स्कॉटलैंड स्थित ग्लॉसको में 23 जुलाई से 2 अगस्त तक होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए भारतीय टीम में कोटा की बॉक्सर अरुंधति चौधरी को जगह मिली है. वह 70 किलोग्राम वजन श्रेणी में मुकाबला करेंगी
- अरुंधति ने बॉक्सिंग वर्ल्ड कप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में पदक जीतकर राजस्थान की पहली अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता बॉक्सर बनने का गौरव भी हासिल किया है.

**03. नीति आयोग के इन्वेस्टमेंट फ्रेंडलीनेस इंडेक्स-2026 में राजस्थान का ओवरऑल स्थान क्या रहा है?**

(A) 6वां स्थान

(B) 8वां स्थान

(C) 10वां स्थान

(D) 12वां स्थान

**Important Facts:**

नीति आयोग के इन्वेस्टमेंट फ्रेंडलीनेस इंडेक्स-2026 में राजस्थान ओवरऑल 10वें स्थान पर है। राज्य को 48.1 अंक मिले हैं, जिसके आधार पर वह देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में 10वें तथा बड़े 17 राज्यों में 8वें स्थान पर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान की सबसे बड़ी ताकत प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता, नियामकीय सुगमता और उद्योग समर्थक सरकारी नीतियां हैं, जबकि बिजनेस क्लाइमेट, संस्थागत व्यवस्था और वित्तीय स्वास्थ्य ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अभी उल्लेखनीय सुधार की आवश्यकता है।

रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान का क्षेत्रफल 3.42 लाख वर्ग किमी, प्रति व्यक्ति GSDP 1.22 लाख रुपए, कृषि का जीवीए में 12.7%, उद्योग का 28.4% तथा सेवा क्षेत्र का 58.9% योगदान है। वर्ष 2023-24 में राज्य में 265.43 मिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) आया। प्रमुख उद्योगों में बेसिक मेटल्स, फूड प्रोसेसिंग और केमिकल्स शामिल हैं।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) जनधन योजना के तहत राजस्थान में 3.86 करोड़ से अधिक खातों में कुल 24,933 करोड़ रुपये से ज्यादा जमा हुए हैं, जिससे राज्य देश में चौथे स्थान पर आ गया है।

(B) राजस्थान में कुल 3.86 करोड़ खातों में से 2.19 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

जनधन योजना के तहत राजस्थान में 3.86 करोड़ से अधिक खातों में कुल 24,933 करोड़ रुपये से ज्यादा जमा हुए हैं, जिससे राज्य देश में चौथे स्थान पर आ गया है।

राजस्थान में कुल 3.86 करोड़ खातों में से 2.19 करोड़ से अधिक खाते महिलाओं के हैं। राज्य में महिला खाताधारकों की हिस्सेदारी 57 प्रतिशत है, जो कि 56 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है।

जनधन योजना के तहत राजस्थान में 3.86 करोड़ से अधिक खातों में कुल 24,933 करोड़ रुपये से ज्यादा जमा हुए हैं, जिससे राज्य देश में चौथे स्थान पर आ गया है। इसमें 57% खाते महिलाओं के हैं, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक हैं।

साल 2014 में शुरू हुई प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत खाताधारकों को कई सुविधाएं मिल रही हैं। राजस्थान में अब तक 2.87 करोड़ से अधिक RuPay डेबिट कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा लाभार्थियों को जीरो-बैलेंस बैंक खाता, ₹10,000 तक की ओवरड्राफ्ट सुविधा, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, और पात्र खाताधारकों को ₹2 लाख तक का दुर्घटना बीमा कवर जैसी सुविधाएं भी मिल रही हैं।

**05. राजस्थान में समान नागरिक संहिता (UCC) के कार्यान्वयन और मसौदे के लिए गठित अधिकार संपन्न समिति की अध्यक्ष कौन हैं?**



(A) न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना

(B) न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई

(C) न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा

(D) न्यायमूर्ति हिमा कोहली

**Important Facts:**

👁️‍🗨️ राजस्थान में समान नागरिक संहिता (UCC) के कार्यान्वयन और मसौदे के लिए गठित अधिकार संपन्न समिति की अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई हैं।

👁️‍🗨️ राजस्थान में समान नागरिक संहिता [UCC] के कार्यान्वयन की समीक्षा करने, जनता से 5 अगस्त तक राय व सुझाव एकत्रित करने और राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपने के लिए गठित अधिकार संपन्न समिति।

👁️‍🗨️ UCC कानून के तहत परिवर्तन – विवाह और तलाक का अनिवार्य पंजीकरण, बहुविवाह पर पूर्ण प्रतिबंध, लिव-इन रिलेशनशिप का अनिवार्य पंजीकरण और पैतृक संपत्ति में पुत्र और पुत्रियों दोनों के लिए समान अधिकार शामिल हैं। 🎊

👁️‍🗨️ संविधान के अनुच्छेद 44 में नीति निर्देशक तत्वों (https://t.me/+G0iSOhRtu-w4OTZl) में समान नागरिक संहिता लागू करने के प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं।

जयपुर, सोमवार, 27 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-158

1. **मुख्यमंत्री** भजनलाल शर्मा के निर्देश पर राजस्थान में "गिव अप अभियान" का शुभारंभ कब किया गया था?
(A) 15 अगस्त, 2024 (B) 2 अक्टूबर, 2024
(C) 1 नवम्बर, 2024 (D) 26 जनवरी, 2025

2. **राजस्थान** में उद्योगों की स्थापना को सुगम बनाने के लिए सरकार द्वारा 'लैंड यूज चेंज' की समय-सीमा घटाकर कितनी कर दी गई है?
(A) 15 दिन (B) 30 दिन
(C) 45 दिन (D) 60 दिन

3. **मा** योजना के तहत राज्य के बाहर इलाज कराने पर मरीज के पात्र चिकित्सा खर्च का पुनर्भरण किस नोडल एजेंसी द्वारा किया जाता है?
(A) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राजस्थान
(B) राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी
(C) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय, जयपुर
(D) मुख्यमंत्री सहायता कोष

4. **प्रदेश** में जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने के लिए भामाशाहों, प्रवासी राजस्थानियों तथा सीएसआर के सहयोग से जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किस अभियान के तहत करवाया जा रहा है?
(A) कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान
(B) वंदे गंगा जन अभियान
(C) कैच द रेन - राजस्थान
(D) मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला - एक उत्पाद' के तहत बून्दी जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) थेवा आभूषण
(B) गार्लिक प्रोडक्ट
(C) सेण्ड स्टोन
(D) मार्बल के उत्पाद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

Q. राजस्थान कैडर के 1994 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी, जिन्हें हाल ही में शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग का नया सचिव नियुक्त किया गया है, वे कौन हैं?

(A) विनीत जोशी

(B) नरेश पाल गंगवार

(C) सुधांश पंत

(D) आनंद कुमार

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine